LED lamps

Short Title	Clause of EC Act, 2001	Notification/ Regulation/ Amendment & Date	Reference IS/ IEC Standards
LED lamps	14(b)	S.O. 4096 (E) dated 28th December, 2017	IS 16102 (Part 1 & Part 2)
	14(a)	S.O.4097 (E) dated 28th December, 2017	
	14(d)	No. BEE/S&L/LED/52/2017-18 dated 28th December, 2017	

IndiaCode

रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 3579] नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, दिसम्बर 28, 2017/पौष 7, 1939
No. 3579] NEW DELHI, THURSDAY, DECEMBER 28, 2017/PAUSA 7, 1939

IndiaCode

विद्युत मंत्रालय

अधिसूचना

नई दिल्ली, 27 दिसम्बर, 2017

का.आ. 4096(अ).—केन्द्रीय सरकार, ऊर्जा संरक्षण अधिनियम, 2001 (2001 का 52) की धारा 14 के खण्ड (ख) और (घ) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए ऊर्जा दक्षता ब्यूरो के परामर्श से विनिर्दिष्ट करती है कि स्वत: धारा स्थिरक एलईडी लैम्प जो एकल अवस्था प्रत्यावर्ती धारा आपूर्ति पर सामान्य प्रकाश सेवाओं के लिए और 250 वोल्ट, 50 हर्ट्ज़ सहित उक्त अधिनियम के प्रयोजन के लिए कार्य करता है और निर्देश दिया जाता है कि ऐसा कोई उपकरण या उपकरणों का वर्ग जिसे बिक्री के लिए निर्मित किया या बेचा या खरीदा या बिक्री के लिए आयात किया जाता है, उस पर ऊर्जा दक्षता ब्यूरो के (स्वत: धारा स्थिरक एलईडी लैम्प के लेबल पर विवरण और उनके प्रदर्शन की रीति) विनियम, 2017 में निर्दिष्ट रीति से लेबल पर विवरण प्रदर्शित किए जाएं।

[फा. सं. 13/19/2015-ईसी]
राज पाल, आर्थिक सलाहकार

MINISTRY OF POWER

NOTIFICATION

New Delhi, the 27th December, 2017

S.O. 4096(E).—In exercise of the powers conferred by clauses (b) and (d) of section 14 of the Energy Conservation Act, 2001 (52 of 2001), the Central Government in consultation with the Bureau of Energy Efficiency, hereby specifies the self-ballasted LED lamps for general lighting services that works on single phase alternating current supply up to and including 250V, 50 Hz for the purposes of the said Act and direct that any such appliances or class of appliances being manufactured or sold or purchased or imported for sale shall display particulars on labels in such manner as specified in the Bureau of Energy Efficiency (Particulars and Manner of their Display on Labels of Self-ballasted LED Lamps) Regulations, 2017.

[F. No. 13/19/2015-EC]
RAJ PAL, Economic Adviser

अधिसूचना

नई दिल्ली, 27 दिसम्बर, 2017

का.आ. 4097(अ).—केन्द्रीय सरकार, ऊर्जा संरक्षण अधिनियम, 2001 (2001 का 52) की धारा 14 के खंड (क) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए ऊर्जा दक्षता ब्यूरो के परामर्श से स्टार लेबल युक्त स्वत: धारा स्थिरक एलईडी लैम्प के लिए निम्नलिखित ऊर्जा खपत मानक निर्दिष्ट किए गए हैं अर्थात् : -

1. प्रत्येक स्वत: धारा स्थिरक एलईडी लैम्प जो एकल अवस्था प्रत्यावर्ती धारा आपूर्ति पर सामान्य प्रकाश सेवाओं के लिए है और 250 वोल्ट, 50 हर्ट्ज सहित विनिर्मित किया गया है, भारत में वाणिज्यिक रूप से खरीदा या बेचा जा रहा है वह -

(i) सभी संशोधनों सहित भारतीय मानक 16102 (भाग 1) की धारा 16.1 और 16.2 में निहित अनुपालन आवश्यकताएं पूरी करे;

(ii) सभी संशोधनों सहित भारतीय मानक 16102 (भाग 2) में विनिर्दिष्ट निष्पादन आवश्यकताएं पूरी करे;

(iii) सभी संशोधनों सहित भारतीय मानक 16102 (भाग 1) के अनुसार सुरक्षा आवश्यकताएं पूरी करे;

2. (1) परिभाषाएं : इस आदेश में, जब तक संदर्भ में अन्यथा अपेक्षित न हो, -

(क) 'जीवन' से अभिप्रेत है समय की वह अवधि जिसके दौरान एलईडी लैम्प मानक परीक्षण परिस्थितियों के अधीन शुरुआती ल्यूमिनस फ्लक्स की 70 प्रतिशत से अधिक मात्रा प्रदान करता है;

(ख) 'ल्यूमिनस क्षमता' से अभिप्रेत है लैम्प द्वारा खपत की गई लैम्प की ल्यूमिनस फ्लक्स प्रति यूनिट विद्युत और ल्यूमिनस क्षमता की यूनिट जो ल्यूमेन प्रति वॉट (एलएम / वॉट) होगी;

(ग) 'ल्यूमिनस फ्लक्स' से अभिप्रेत है एक प्रकाश स्रोत या एक ल्यूमिनायर द्वारा दी गई या सतह द्वारा ग्रहण की गई रोशनी जो दिशा से परे है, जिसमें वह वितरित होती है और ल्यूमिनस फ्लक्स की इकाई ल्यूमेन (एलएम) है;

(घ) **"**ल्यूमेन अनुरक्षण**"** से अभिप्रेत है ऐसा ल्यूमिनस फ्लक्स जो लैम्प के ल्यूमिनस फ्लक्स के प्रारंभिक मूल्य द्वारा विभाजित किए गए एलईडी लैम्प के जीवन काल से है**,** जो प्रारंभिक ल्यूमिनस फ्लक्स के एक्स प्रतिशत के रूप में अभिव्यक्त है**;**

(ङ) **"**निर्धारित ल्यूमिनस फ्लक्स**"** लैम्प पर चिह्नांकित किया गया ल्यूमिनस फ्लक्स या पूर्तिकार द्वारा की गई घोषणा अभिप्रेत है**;**

(च) **"**निर्धारित वाट-संख्या**"** लैम्प पर चिह्नांकित किये गये वाट-संख्या से अभिप्रेत है**;**

(छ) ''स्वत: धारा स्थिरक एलईडी लैम्प'' से अभिप्रेत ऐसी इकाई जो स्थायी रूप से नुकसान किए बिना खोली नहीं जा सकती है, लैम्प आवरण के साथ उपबंधित है और एलईडी प्रकाश स्रोत के साथ है और प्रकाश स्रोत के स्थायी प्रचालन के लिए कोई अतिरिक्त आवश्यक तत्व है;

(ज) ''वाट-संख्या'' से अभिप्रेत बिजली माप के लिए प्रयुक्त एसआई व्युत्पन्न इकाई है और विद्युत के निबंधनों के अनुसार वाट-संख्या वोल्टेज (वाट में) से गुणित धारा (एम्पीयर) के बराबर है।

2. उन शब्दों और पदों से, जो इसमें प्रयुक्त हैं और परिभाषित नहीं हैं किन्तु इसके मानक में परिभाषित हैं वही अर्थ होंगे जो सभी संशोधनों सहित भारतीय मानक 16102 (भाग I) और भारतीय मानक 16102 (भाग II) में है।

IndiaCode

3. स्टार रेटिंग या स्टार स्तर योजना – स्वत: धारा स्थिरक एलईडी लैम्प पर चिपकाए गए लेबल एक वर्ष के अंतरालों के साथ अधिकतम पांच स्टार प्रदर्शित किए जाएंगे और ल्यूमिनस क्षमता के आधार पर लैम्प एक स्टार से पांच स्टार तक निर्धारित किए जायेंगे।

(2) प्रत्येक स्वत: धारा स्थिरक एलईडी लैम्प ऊर्जा दक्षता मानक को निर्दिष्ट करेंगे, जो पैरा 1 के खण्ड (ii) में अधिकथित अपेक्षाओं का पालन करती है।

(3) स्वत: धारा स्थिरक एलईडी लैम्प के स्टार स्तर विनिर्दिष्ट निम्नलिखित सारणी 3.1 के अनुसार निर्धारित किए जाएंगे :

सारणी 3.1

(अधिसूचना की तारीख से 31 दिसम्बर, 2019 तक वैध)

स्टार स्तर	**निर्धारित ल्यूमिनस क्षमता (ल्यूमेन / वॉट)**
1 **स्टार***	≥68 और<79
2 **स्टार** **	≥79 और <90
3 **स्टार** ***	≥90 और <105
4 **स्टार** ****	≥105 और <120
5 **स्टार** *****	≥120

IndiaCode

(4) उक्त स्वत: धारा स्थिरक एलईडी लैम्प के न्यूनतम ऊर्जा पालन स्तर को उन्नति करने की दृष्टि से, सारणी 3.1 में विनिर्दिष्ट स्टार 1 के लिए स्वत: धारा स्थिरक एलईडी लैम्प की विशिष्टियों को प्रदर्शित करने की अनुज्ञा को इस अधिसूचना के प्रवृत्त होने के प्रभाव के साथ अनुज्ञात नहीं किया जायेगा।

(5) प्रत्येक दो वर्षों में स्टार स्तर योजना का पुनर्विलोकन होगा।

4. परीक्षण और सहनशीलता- (1) स्वत: धारा स्थिरक एलईडी लैम्प के स्टार स्तर के निर्धारण के प्रयोजन के लिए सारणी 4.1 में निम्नलिखित विनिर्दिष्ट परीक्षण मानक प्रयुक्त होंगे, अर्थात् :-

सारणी 4.1

क्रम सं.	परीक्षण मानदंड	परीक्षण मानक
1	वाट-संख्या	सभी संशोधनों के साथ भारतीय मानक 16102 (भाग 2) सामान्य प्रकाश सेवाओं के लिए स्वत: धारा स्थिरक एलईडी लैम्प : भाग 2 पालन की अपेक्षाएं
2	प्रारंभिक ल्यूमिनस फ्लक्स	
3	रंजक क्रोमेटिसिटी	
4	रंजक प्रस्तुति सूचकांक (सीआरआई)	
5	शक्ति गुणक	
6	जीवन	
7	लैम्प क्षमता	लैम्प क्षमता निर्धारित बोल्टेज और आवृत्ति पर ल्यूमेन आउटपुट और वाटेज के मापे गये मान से प्राप्त की जायेगी।

8	फोटो जैविक सुरक्षा परीक्षण	भारतीय मानक 16108 एलईडी और एलईडी सिस्टम की फोटो जैविक सुरक्षा
9	अनुकूल	भारतीय मानक 14700 (भाग 3 / धारा 2) विद्युतचुंबकीय अनुकूलता : भाग 3 सीमाएं, अनुकूल धारा उत्सर्जन के लिए धारा 2 की सीमाएं
10	रेडियो विघ्न लक्षण के मापन की सीमाएं और रीति : भाग 5 वैद्युत प्रकाश और समरूप उपस्कर	रेडियो विघ्न लक्षण के मापन की भारतीय मानक 6873 (भाग 5) की सीमाएं और रीति : भाग 5 वैद्युत प्रकाश और समरूप उपस्कर
11	बीम कोण (परीक्षण रिपोर्ट केवल दिशात्मक एलईडी लैम्प के लिए प्रस्तुत की जानी चाहिए)	भारतीय मानक 16103 (भाग 2) सामान्य प्रकाश भाग 2 के लिए एलईडी माड्यूल : पालन की अपेक्षाएं

(2) सभी संशोधनों के साथ भारतीय मानक 16102 (भाग 2) के खण्ड 17 के अनुसार नमूनों की संख्या होगी।

(3) स्टार रेटिंग लेवलों के लिए कोई ऋणात्मक छूट नहीं होगी।

(4) सभी संशोधन के साथ भारतीय मानक 16102 (भाग 2) के खण्ड 18.2 के अनुसार अनुपालन को अर्जित किया जाएगा और एक बैच में अर्ह लैम्पों द्वारा प्रत्येक स्टार रेटिंग लेवल के लिए न्यूनतम दहलीज़ सीमा को पूरा किया जाएगा।

(5) विनिर्माण छूट और अन्य विविधताओं के विस्तार को विनिर्माता द्वारा निम्नलिखित बिंदुओं को पूर्णांक बनाने के विचार सहित स्टार रेटिंग के निर्धारण के लिए विचार में लिया जाएगा, -

(क) विद्युत खपत (वॉट), ल्यूमिनस फ्लक्स (ल्यूमेंस), ल्यूमिनस क्षमता (एलएम / डब्ल्यू) के मान दशमलव के एक स्थान तक निकटतम पूर्ण संख्या तक पूर्णांकित किए जाएंगे;

(ख) सभी मानों को भारतीय मानक 2 : 1960, पुन: पुष्टि 2000, संस्करण 2.3 के अनुसार संबंधित महत्वपूर्ण अंकों तक पूर्णांकित किया जाएगा;

(6) प्रत्येक स्वत: धारा स्थिरक एलईडी लैम्प में कम से कम 95 प्रतिशत ल्यूमेन रखरखाव 1000 घण्टों के प्रचालन पर होगा।

(7) प्रत्येक स्वत: धारा स्थिरक एलईडी लैम्प में 6000 घण्टों के प्रचालन पर या घोषित जीवन के 25 प्रतिशत में 1000 घण्टों की आयु अवधि सहित ल्यूमेन रखरखाव सभी संशोधनों सहित भारतीय मानक 16102 (भाग 2) के खण्ड 13.1 में निर्दिष्ट संगत लैम्प डेटा शीट में बताए गए मान से कम नहीं होगा। और इसे अनुलग्नक क में दिए गए निर्धारित प्ररूप में अनुमोदन की तिथि से 12 माह के अंदर प्रस्तुत किया जाएगा।

5. परीक्षण रिपोर्ट – उपाबंध ख में दिए गए निर्धारित प्ररूप में जांचे गए नमूने के परिणामों की रिपोर्ट की जाएगी।

उपाबंध क

[पैरा (4) के उप पैरा (7) देखें]

ल्यूमेन रखरखाव का अनुपालन रिपोर्ट करने के लिए प्ररूप

दिनांक:

परीक्षण विवरण:

(i) प्रारंभिक ल्यूमिनस फ्लक्स (ल्यूमेन) का निर्धारित मान :

IndiaCode

(ii) ल्यूमेन रखरखाव की श्रेणी:

(iii) प्रचालन के 6000 घंटे या घोषित जीवन के 25% के बाद ल्यूमेन रखरखाव का मापा गया मान :

(iv) 6000 घंटों में ल्यूमेन रखरखाव की जांच रिपोर्ट संलग्न (हां / नहीं)

उपाबंध ख

[पैरा 5 देखें]

परीक्षणों के परिणाम की रिपोर्टिंग के लिए प्ररूप

(प्रत्येक प्रकार/मॉडल के लिए अलग परीक्षण रिपोर्ट प्ररूप उपयोग किया जाए)

परीक्षण रिपोर्ट सं. **तिथि :**

1. **स्वत: धारा स्थिरक एलईडी लैंप का विवरण**

(i) ब्रांड:
(ii) मॉडल का नाम/संख्या : (यदि लागू हो) :
(iii) निर्धारित वाट संख्या : (वॉट्स में) :
(iv) प्रकार :
(v) निर्धारित वोल्टेज या वोल्टेज श्रेणी:
(vi) निर्धारित ल्यूमिनस फ्लक्स (ल्यूमेन में) :
(vii) निर्धारित ल्यूमिनस क्षमता (ल्यूमेन / वॉट में) :

2. परीक्षण सारांश

(i) निर्माता / प्रयोगशाला का नाम और पता:

(ii) नमूना प्राप्त होने की तिथि:

(iii) परीक्षण की तिथि :

(iv) परीक्षण कार्मिक का नाम:

(v) सुसंगत मानकों के अनुसार परीक्षण की प्रकृति और किए गए परीक्षण के विवरण :

(vi) सांकेतिक परीक्षण की स्थिति :

(vii) निरीक्षण और परीक्षण परिणाम :

क्रम संख्या	परीक्षण पैरामीटर और सुसंगत इकाइयां	मापे गए मान	निर्धारित / घोषित मान (मानकों के अनुसार छूट लागू करने के बाद)	सुसंगत परीक्षण मानक
1	बिजली की खपत (वॉट)			सभी संशोधनों के साथ भारतीय मानक 16102 (भाग 2)
2	प्रारंभिक ल्यूमिनस फ्लक्स (ल्यूमेन)			

IndiaCode

3	1000 घंटों (ल्यूमेन) पर ल्यूमिनस फ्लक्स			सामान्य प्रकाश सेवाओं के लिए स्वत: धारा स्थिरक एलईडी लैम्प: भाग 2 पालन की अपेक्षाएं
4	रंग क्रोमैटिसिटी सुरक्षा आवश्यकता के अनुपालन (हां/ नहीं) [यदि हां, तो परीक्षण रिपोर्ट का संबंधित भाग संलग्न करें]			
5	रंग रेंडरिंग इंडेक्स (सीआरआई) सुरक्षा आवश्यकता के अनुपालन (हां / नहीं) [यदि हां, तो परीक्षण रिपोर्ट का संबंधित भाग संलग्न करें]			
6	जीवन काल (घंटे)			
7	विद्युत कारक			
8	लैम्प क्षमता (ल्यूमेन / वॉट)			लैम्प क्षमता निर्धारित वोल्टेज और आवृत्ति पर ल्यूमेन आउटपुट और वॉटेज के मापे गए मान से प्राप्त की जाएगी।
9	फोटो जैविक परीक्षण सुरक्षा आवश्यकता के अनुपालन (हां/ नहीं) [यदि हां, तो परीक्षण रिपोर्ट का संबंधित भाग संलग्न करें]			भारतीय मानक 16108 एलईडी और एलईडी सिस्टम की फोटो जैविक सुरक्षा
10	सुरक्षा आवश्यकता के साथ हार्मोनिक्स का अनुपालन (हां/ नहीं) [यदि हां, तो परीक्षण रिपोर्ट का संबंधित भाग संलग्न करें]			भारतीय मानक 14700 (भाग 3 / धारा 2) विद्युतचुंबकीय अनुकूलता: भाग 3 सीमाएं, हार्मोनिक करंट उत्सर्जन के लिए धारा 2 सीमाएं

IndiaCode

11	रेडियो आवृत्ति विघ्न का उत्सर्जन सुरक्षा आवश्यकता के अनुपालन (हां/ नहीं) [यदि हां, तो परीक्षण रिपोर्ट का संबंधित भाग संलग्न करें]			रेडियो विघ्न विशेषताओं की सीमाएं तथा माप की विधियां : भाग 5 विद्युत प्रकाश और समरूप उपकरण
12	बीम कोण (परीक्षण रिपोर्ट केवल दिशात्मक एलईडी लैंप के लिए प्रस्तुत की जानी चाहिए)			भारतीय मानक 16103 (भाग 2) सामान्य प्रकाश भाग 2 के लिए एलईडी मॉड्यूल: पालन की अपेक्षाएं

[फा. सं. 13/19/2015-ईसी]

राज पाल, आर्थिक सलाहकार

IndiaCode

NOTIFICATION

New Delhi, the 27th December, 2017

S.O. 4097(E).—In exercise of the powers conferred by clause (a) of section 14 of the Energy Conservation Act, 2001 (52 of 2001), the Central Government in consultation with the Bureau of Energy Efficiency, hereby specifies the following energy consumption standards for star labelled self-ballasted LED lamps, namely:-

1. Every self-ballasted LED lamp for general lighting services that works on single phase alternating current supply up to and including 250V, 50Hz, being manufactured, commercially purchased or sold in India shall-

(i) meet the compliance requirements contained in section 16.1 and 16.2 of Indian Standard 16102 (part 1) with all amendments;

(ii) meet all the performance requirements as specified in Indian Standard 16102 (part 2) with all amendments;

(iii) meet the safety requirement as per Indian Standard 16102 (part I) with all amendments.

2. (1) Definitions: In this order, unless the context otherwise requires,-

(a) "life" means length of time during which a LED lamp provides more than 70 per cent. of the initial luminous flux, under standard test conditions;

(b) "luminous efficacy" means luminous flux of lamp per unit power consumed by the lamp and the unit of luminous efficacy shall be lumen per Watt (lm/W);

(c) "luminous flux" means the light given by a light source or a luminaire or received by a surface irrespective of the directions in which it is distributed and the unit of the luminous flux is the lumen (lm);

(d) "lumen maintenance" means luminous flux at a given time in the life of LED lamp divided by the initial value of the luminous flux of the lamp, which is expressed as a percentage x of the initial luminous flux;

(e) "rated luminous flux" means the luminous flux marked on the lamp or declared by the supplier;

(f) "rated wattage" means the wattage marked on the lamp;

(g) "self-ballasted LED lamp" means a unit which cannot be dismantled without being permanently damaged, provided with a lamp cap and incorporating a LED light source and any additional elements necessary for stable operation of the light source;

(h) "wattage" means the SI derived unit used to measure power and in terms of electricity, wattage is equal to current (in amperes) multiplied by voltage (in volts).

(2) Words and expressions used herein and not defined, but defined in this standard shall have meanings respectively assigned to them in Indian Standard 16102 (part I) and Indian Standard 16102 (part II) with all amendments.

3. Star rating or star level plan.- (1) The label to be affixed on self-ballasted LED lamp shall display a maximum of five stars with an interval of one star, and the lamp shall be rated from star one to star five based on the luminous efficacy.

(2) Every self-ballasted LED lamp shall refer to energy consumption standard which meets the performance requirements as laid down in clause (ii) of paragraph 1.

(3) The star level of the self-ballasted LED lamp shall be determined as specified in the following Table 3.1:

Table 3.1
(Valid from the date of notification to 31st December, 2019)

Star Levels	Rated Luminous Efficacy (Lumen/Watt)
1 Star*	≥68 and <79
2 Star**	≥79 and <90
3 Star***	≥90 and <105
4 Star****	≥105 and <120
5 Star*****	≥120

(4)The permission for display of particulars on self-ballasted LED lamps for 1 star specified in Table 3.1 shall not be permitted with effect from coming in to force of this notification, with a view to upgrade the minimum energy performance level of such self-ballasted LED lamps.

(5) The star level plan shall be reviewed every two years.

4. Testing and tolerance.- (1) For the purpose of determining the star level of a self-ballasted LED lamp, the following test standards specified in Table 4.1 shall be used, namely:-

Table 4.1

S. No	Test parameters	Test Standards
1	Wattage	Indian Standard 16102 (part 2) with all amendments Self-ballasted LED lamps for general lighting services: Part 2 Performance requirements
2	Initial Luminous Flux	
3	Colour chromaticity	
4	Colour rendering index (CRI)	
5	Power factor	
6	Life	
7	Lamp efficacy	The lamp efficacy shall be derived from the measured value of lumen output and the wattage at the rated voltage and frequency
8	Photo biological safety test	Indian Standard 16108 Photo biological safety of LED and LED systems.
9	Harmonics	Indian Standard 14700 (part 3/sec 2) Electromagnetic compatibility: Part 3 Limits, Section 2 Limits for harmonic current emissions
10	Limits and methods of measurement of radio disturbance characteristics : Part 5 Electrical lighting and similar equipment	Indian Standard 6873 (part 5) Limits and methods of measurement of radio disturbance characteristics: Part 5 Electrical lighting and similar equipment

IndiaCode

11	Beam Angle (Test to be carried out only for directional lamps)	Indian Standard 16103 (part 2) LED modules for general lighting Part 2: Performance requirements

(2) The number of samples shall be as per the clause 17 of Indian Standard 16102 (part 2) with all amendments.

(3) There shall be no negative tolerance for the star rating levels.

(4) Compliance shall be considered to be achieved as per clause 18.2 of Indian Standard 16102 (part 2) with all amendments and the qualifying lamps in a batch shall meet the minimum threshold limit for each star rating level.

(5) The scope for manufacturing tolerance and other variations shall be accounted by the manufacturer when determining the star rating keeping in view the following points for rounding off,-

(a) the values of power consumption (Watts), luminous flux (lumens), luminous efficacy (lm/W) shall be rounded off to nearest whole number up to one decimal places;

(b) all the values shall be rounded off to respective significant figures, as per Indian Standard 2:1960, reaffirmed 2000, Edition 2.3;

(6) Every self-ballasted LED lamps shall have at least 95 per cent. lumen maintenance at 1000 hours of operation.

(7) Every self-ballasted LED lamps at 6000 hours of operation or at 25 per cent. of declared life, including the ageing period of 1000 hours, shall not have lumen maintenance less than the value indicated in the relevant lamp data sheet as specified in clause 13.1 of Indian Standard 16102 (part 2) with all amendments and the same shall be furnished within twelve months from the date of approval on the prescribed format given in Annexure A.

5. Test report. –The results of the sample tested shall be reported on the prescribed format given in Annexure B.

Annexure A

[*See* sub-paragraph (7) of paragraph (4)]

Form for reporting the compliance of lumen maintenance

Date:

Test details:

(i) Rated value of initial luminous flux (Lumen):

(ii) Category of Lumen Maintenance:

(iii) Measured value of the lumen maintenance at 6000 hours of operation or after 25% of the declared life:

(iv) Test report of lumen maintenance at 6000 hours attached (Yes/No)

Annexure B

[*See* paragraph 5]

Form for reporting the results of tests

(Separate test report format shall be used for each type/models)

Test Report No. **Date:**

3. Details of self-ballasted LED lamps

(i) Brand:

(ii) Model name/number: (if applicable)

(iii) Rated Wattage (in Watts):

(iv) Type:

(v) Rated voltage or voltage range:

(vi) Rated luminous flux (in lumens):

(vii) Rated luminous efficacy (in lumens/Watt):

4. Test summary

(j) Manufacturer/ Laboratory Name and address:

(ii) Date of receipt of sample:

(iii) Date of test:

(iv) Name of Testing Personnel:

(v) Nature of Test and details of test conducted as per the relevant standards:

(vi) Nominal test condition:

(vii) Observations and Test results:

S. No.	Test parameters & relevant units	Measured Values	Rated/Declared Values (after applying tolerances as per standards)	Relevant Test Standard
1	Power consumption (Watt)			Indian Standard 16102 (part 2) with all amendments Self-ballasted LED lamps for general lighting services: Part 2 Performance requirements
2	Initial luminous flux (Lumen)			
3	Luminous flux at 1000 hours (Lumen)			
4	Colour chromaticity Compliance with safety requirement (Yes/No) [If yes, attach relevant part of test report]			
5	Colour rendering index (CRI) Compliance with safety requirement (Yes/No) [If yes, attach relevant part of test report]			
6	Life (hours)			
7	Power factor			
8	Lamp Efficacy (Lumen/Watt)			The lamp efficacy shall be derived from the measured value of lumen output and wattage at the rated voltage and frequency.
9	Photo biological test Compliance with safety requirement (Yes/No) [If yes, attach relevant part of test report]			Indian Standard 16108 Photo biological safety of LED and LED system
10	Harmonics compliance with safety requirement (Yes/No) [If yes, attach relevant part of test report]			Indian Standard 14700 (part 3/sec 2)Electromagnetic compatibility: Part 3 Limits, Section 2 Limits for harmonic current emissions
11	Emission of radio frequency disturbances Compliance with safety			Indian Standard 6873 (part 5) Limits and methods of measurement of

IndiaCode

	requirement (Yes/No) [If yes, attach relevant part of test report]			radio disturbance characteristics: Part 5 Electrical lighting and similar equipment
12	Beam Angle (Test report to be submitted only for directional LED lamps)			Indian Standard 16103 (part 2) LED Modules for general lighting Part 2: Performance requirements

[F. No. 13/19/2015-EC]

RAJ PAL, Economic Adviser

IndiaCode

Uploaded by Dte. of Printing at Government of India Press, Ring Road, Mayapuri, New Delhi-110064
and Published by the Controller of Publications, Delhi-110054.

रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग III—खण्ड 4
PART III—Section 4
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 498] नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, दिसम्बर 28, 2017/पौष 7, 1939
No. 498] NEW DELHI, THURSDAY, DECEMBER 28, 2017/PAUSA 7, 1939

IndiaCode

ऊर्जा दक्षता ब्यूरो

अधिसूचना

नई दिल्ली, 27 दिसम्बर, 2017

सं. बीईई /एसएण्डएल/एलईडी/52/2017-18.—ऊर्जा संरक्षण अधिनियम, 2001 (2001 का 52) की धारा 58 की उप-धारा (1) की अपेक्षानुसार प्रारूप विनियम अर्थात् ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (स्वत: धारा स्थिरक एलईडी लैम्प के लेबलों पर उनके प्रदर्शन का विवरण और रीति) विनियम, 2017 अधिसूचना सं. बीईई/एसएण्डएल/एलईडी/52/2017-18 तारीख 5 सितंबर, 2017 द्वारा प्रकाशित किए गए थे जिसमें राजपत्र में उक्त अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से पैंतालीस दिन की विनिर्दिष्ट अवधि के भीतर प्रभावित होने वाले व्यक्तियों से आक्षेप या सुझाव आमंत्रित किए गए थे।

और उक्त प्रारूप विनियमों की प्रतियां 5 सितंबर 2017 को जनता को उपलब्ध कराई गई थीं;

और पूर्वोक्त अवधि के भीतर उक्त प्रारूप विनियमों के संबंध में सुझाव प्राप्त हो गए हैं;

और इस संबंध में प्राप्त सुझावों पर विचार कर लिया गया है;

अत: अब ब्यूरो, केंद्रीय सरकार के पूर्व अनुमोदन से ऊर्जा संरक्षण अधिनियम, 2001 (2001 का 52) की धारा 13 की उप-धारा (2) के खण्ड (ढ) और धारा 14 के खण्ड (घ) के साथ पठित धारा 58 की उपधारा (2) के खण्ड (झ) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित विनियम बनाता है, अर्थात् :-

1. संक्षिप्त नाम और प्रारंभ :- इन विनियमों का संक्षिप्त नाम ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (स्वत: धारा स्थिरक एलईडी लैम्प के लेबलों पर उनके प्रदर्शन का विवरण और रीति), विनियमन, 2017 है।

(2) ये राजपत्र में इनके प्रकाशन की तारीख से प्रवृत्त होंगे।

2. परिभाषा :- (1) इन विनियमों में, जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो,-

(क) "अधिनियम" से ऊर्जा संरक्षण अधिनियम, 2001 (2001 का 52) अभिप्रेत है;

(ख) 'मॉडलों का परिवार' से मॉडलों का ऐसा समूह अभिप्रेत है, जिनके लिए पालन के सभी मानदंड एक समान हैं;

(ग) "प्ररूप" से इन विनियमों के साथ संलग्न प्ररूप अभिप्रेत है;

(घ) "लेबल" से स्वत: धारा स्थिरक एलईडी लैम्पों पर चिपकाई गयी या प्रदर्शित लिखित, मुद्रित, चिह्नित, मुहर लगी या ग्राफिक सामग्री अभिप्रेत है;

(ङ) ''लेबल अवधि" से अधिनियम की धारा 14 के खण्ड (क) के अधीन केन्द्रीय सरकार द्वारा अधिसूचित ऊर्जा खपत मानक के अधीन प्रदीप्त क्षमता की विधि मान्यता अवधि से अभिप्रेत है:

परन्तु यदि प्रदीप्त क्षमता की वैधता अवधि की समाप्ति को अधिसूचित नहीं किया गया है, तो इसे तब तक मान्य समझ लिया जाएगा जब तक की इसके लिए नए मान केंद्रीय सरकार द्वारा अधिसूचित नहीं किए जाते;

(च) "अनुज्ञापित व्यक्ति" से ऐसे व्यक्ति या ऐसी एजेंसी से अभिप्रेत है जिसे विनियम 7 के अधीन लेबल चिपकाने के लिए अनुज्ञा दी गई है;

(छ) 'अनुसूची' से इन विनियमों के साथ संलग्न अनुसूची अभिप्रेत है;

(ज) 'स्वत: धारा स्थिरक एलईडी लैम्प' से अधिनियम की धारा 14 के खण्ड (घ) के अधीन अधिसूचना में निर्दिष्ट एक उपकरण अभिप्रेत है;

(झ) "स्टार रेटिंग या स्टार स्तर" से अधिनियम की धारा 14 के खण्ड (क) के अधीन केन्द्रीय सरकार द्वारा अधिसूचित प्रदीप्त क्षमता मानक पर आधारित स्वत: धारा स्थिरक एलईडी लैंप के लेबल पर प्रदर्शित ऊर्जा दक्षता का ग्रेड अभिप्रेत है;

(ञ) "व्यापारी या विक्रेता से उस व्यक्ति से अभिप्रेत है जो ऐसे लेबलयुक्त स्वत: धारा स्थिरक एलईडी लैम्पों की बिक्री अथवा वितरण करता है और इसमें ऐसे दुकानदार, व्यापारी, विनिर्माता और स्वत: धारा स्थिरक एलईडी लैम्पों पर लेबल चिपकाने के लिए अनुमति प्राप्त अनुज्ञापित व्यक्ति शामिल हैं।

(2) उन शब्दों और पदों के जो इसमें प्रयुक्त है और परिभाषित नहीं है किन्तु अधिनियम में परिभाषित है वही अर्थ होगा जो अधिनियम में है।

3. लेबल पर प्रदर्शित किए जाने वाला विवरण :- (1) प्रत्येक स्वत: धारा स्थिरक एलईडी लैम्प पर, इसके लेबल पर निम्नलिखित विवरण प्रदर्शित किया जाएगा, अर्थात् :-

(क) ऊर्जा दक्षता ब्यूरो का प्रतीक चिन्ह;

(ख) विनिर्माता या आयातक और ब्राण्ड का नाम;

(ग) व्यापार का नाम और संख्या;

(घ) विनिर्माण या आयात का मॉडल और वर्ष;

(ङ) विलक्षण श्रृंखला कोड;

(च) वॉट्स में बिजली की खपत;

(छ) ल्यूमेनस में प्रदीप्त प्रवाह;

(ज) प्रदीप्त / वाट में प्रदीप्त क्षमता;

(झ) स्वत: धारा स्थिरक एलईडी लैम्प का स्टार स्तर; और

(ञ) लेबल की अवधि

(2) लेबल का डिजाइन, रंग, आकार और सामग्री इन विनियमों के साथ संलग्न अनुसूची में यथा: विनिर्दिष्ट होगा।

4. लेबलों के प्रदर्शन के लिए समय सीमा : - (1) विनियम 3 में विनिर्दिष्ट सभी विवरण वाला लेबल इन विनियमों के लागू होने की तारीख से छह माह की अवधि के भीतर प्रत्येक स्वत: धारा स्थिरक एलईडी लैम्प पर प्रदर्शित किया जाएगा।

(2) केन्द्रीय सरकार द्वारा अधिनियम की धारा 14 के खण्ड (क) के अधीन अधिसूचित संशोधित ऊर्जा खपत मानकों के आरंभ होने पर और आरंभ होने से, प्रत्येक अनुज्ञापित व्यक्ति या व्यापारी या विक्रेता सुनिश्चित करेगा, कि -

(क) बिक्री के लिए रखे गए स्वत: धारा स्थिरक एलईडी लैम्प पर संशोधित स्टार स्तर प्रदर्शित होगा और संशोधित ऊर्जा खपत मानकों के साथ संशोधित समक्रमण अवधि और स्वत: धारा स्थिरक एलईडी लैम्प या विनिर्माण वर्ष भी संशोधित ऊर्जा खपत मानको के साथ समक्रमण में होगा और स्वत: धारा स्थिरक एलईडी लैम्प के साथ पिछली ऊर्जा खपत मानक के साथ उनका उत्पादन नहीं किया जायेगा।

IndiaCode

(ख) व्यवहारी, खुदरा व्यापारियों और उपभोक्ताओं की जागरुकता सहित सभी प्रारंभिक उपाय उनकी शिक्षा के अपेक्षित प्रचार-प्रसार के लिए उचित योजना से करने होंगे और इन विनियमों के अधीन ऐसे प्रारंभ की तारिख से छ: मास पूर्व के होंगे।

5. लेबल प्रदर्शित करने की रीति :- (1) प्रत्येक स्वत: धारा स्थिरक एलईडी लैम्प पर एक लेबल होगा, जो बिक्री स्थल पर प्रदर्शित किया जायेगा और लेबल स्वत: धारा स्थिरक एलईडी लैम्प पर निम्नलिखित रीति में चिपकाया जायेगा।

क. अपने आप चिपकने वाला लेबल रैपर पर लगाया जाए;

ख. स्टार अंकन रेटिंग के अनुसार स्वत: धारा स्थिरक एलईडी लैम्प पर मुहर अंकित की जाएगी, और

ग. स्टार अंकन के लिए मुहर का साइज 11.5 मि. मी. ऊंचा और 8.5 मि. मी. चौड़ा होगा।

6. लेबल प्रदर्शित करने की अनुज्ञा :- (1) ब्यूरो की अनुमति के बिना स्वत: धारा स्थिरक एलईडी लैम्प पर कोई स्टार लेबल नहीं चिपकाया जाएगा।

(2) उप-विनियम (1) के अधीन ब्यूरो की अनुज्ञा लेने के प्रयोजन के लिए प्रत्येक ब्रांड के लिए प्ररूप1 में विनिर्दिष्ट तरीके से पंजीकृत स्वयं अनुज्ञापित व्यक्ति द्वारा किया जाएगा, जिसके साथ ऊर्जा दक्षता ब्यूरो, नई दिल्ली के पक्ष में आहरित डिमांड ड्राफ्ट या भुगतान की किसी अन्य कार्य इलेक्ट्रॉनिक विधि द्वारा देय एक लाख रुपए का लेबल प्रतिभूति संलग्न होगा :

परन्तु, लघु पैमाने के उद्योग के मामले में, लेबल की प्रतिभूति राशि केवल पच्चीस हजार रुपए होगी;

(3) उप-विनियम (2) के अधीन अनुज्ञापित व्यक्ति के प्रत्येक आवेदन-पत्र के साथ संलग्न होंगे -

(क) प्रति मॉडल के लिए दो हजार रुपए का आवेदन शुल्क ऊर्जा दक्षता ब्यूरो, नई दिल्ली के पक्ष में मांगदेय ड्राफ्ट आहरण द्वारा आहरित या भुगतान के किसी स्वीकार्य इलेक्ट्रॉनिक मोड में देय होगा;

(ख) प्ररूप-II में यथा: विनिर्दिष्ट दस्तावेज;

7. अनुज्ञा प्रदान करना :- (1) विनियम 6 के अधीन कोई आवेदन प्राप्त होने पर और इससे संतुष्ट होने पर कि इसमें दी गई सभी अपेक्षाओं का पालन किया गया है, ब्यूरो उक्त प्राप्ति की अवधि से मानक और लेबलिंग पर इसके प्रचालन मैनुअल में विनिर्दिष्ट इस प्राप्ति की अवधि के अंदर, विनियम 8 में यथा: विनिर्दिष्ट निबंधन और शर्तों के अध्यधीन इसके लिए अनुज्ञा प्रदान कर सकता है।

(क) प्ररूप-।।। में या इलेक्ट्रॉनिक रूप में ब्रांड को रजिस्ट्रर करें; या

(ख) प्ररूप- IV में या इलेक्ट्रॉनिक रूप में स्वत: धारा स्थिरक एलईडी लैम्प पर लेबल चिपकाने के लिए अनुमति प्रदान करना।

(2) ब्यूरो, प्ररूप V में रजिस्टर बनाकर रखेगा और इसमें अनुज्ञापित व्यक्ति के नाम प्रविष्ट करेगा;

(3) उप विनियम (1) के अधीन प्रदत्त ऐसी अनुज्ञा ऐसी अवधि तक विधिमान्य होगी जिसके लिए प्रवृत अधिनियम की धारा 14 के खण्ड (क) के अधीन यथा-अधिसूचित ऊर्जा खपत मानक स्टार स्तर विनिर्दिष्ट किये गये:

परन्तु यह कि अनुज्ञापित व्यक्ति धारा 14 के खण्ड (क) के अधीन केन्द्रीय सरकार द्वारा जारी आदेशों के उपबंध के अनुसार प्रदान की गई अनुमति की तिथि से 12 माह के अन्दर घोषित जीवन के 25 प्रतिशत समय बाद 6000 घण्टों के अन्दर ल्यूमेन रखरखाव की परीक्षण रिपोर्ट जमा करेगा।

(4) अनुज्ञापित व्यक्ति द्वारा अनुज्ञा के नवीकरण के लिए आवेदन छह माह के भीतर किंतु इस अवधि की समाप्ति से एक माह पूर्व किया जाएगा और इसके साथ ऊर्जा दक्षता ब्यूरो, नई दिल्ली के पक्ष में देय मांगदेय ड्राफ्ट के रूप में या इलेक्ट्रॉनिक ढंग में एक हजार रुपए का शुल्क लगा होना;

(5) विधिमान्यता की अवधि समाप्त होने के बाद किसी आवेदन का नवीकरण नहीं किया जाएगा ऐसे मामले में अनुज्ञापित व्यक्ति को नया आवेदन पत्र देना होगा;

(6) उप- विनियम (4) के अधीन नवीकरण के लिए आवेदन-पत्र मिलने पर और सभी अपेक्षाएं पूरी होने के संबंध में संतुष्ट होने पर, ब्यूरो ऐसा आवेदन प्राप्त होने की तारीख से एक माह की अवधि के भीतर प्ररूप IV में अनुज्ञा का नवीकरण कर सकता है;

(7) जो अनुज्ञापित व्यक्ति उस तारीख से, जिस तारीख से संशोधित स्टार स्तर लागू हुआ है स्वत: धारा स्थिरक एलईडी लैम्प के विद्यमान मॉडल पर लेबल चिपकाने को जारी रखने की अनुज्ञा चाहता है, प्ररूप VI में केवल एक घोषणा प्रस्तुत करेगा;

(8) यदि स्वत: धारा स्थिरक एलईडी लैम्प के नए मॉडल की योजना संशोधित स्टार स्तर के साथ ताल-मेल बिठाकर शुरू करने की योजना है तो अनुज्ञापित व्यक्ति नया लेबल चिपकाने की अनुज्ञा लेगा और ऐसी अनुज्ञा के लिए आवेदन संशोधित स्टार स्तर के लागू होने से छह मास पूर्व किया जाए;

8. लेबल पर विवरण प्रदर्शित करने के लिए निबंधन और शर्तें :- प्रत्येक अनुज्ञापित व्यक्ति और व्यापारी एवं विक्रेता अर्थात् :-

(क) अधिनियम की धारा 14 के खण्ड (क) के अधीन स्वत: धारा स्थिरक एलईडी लैम्प के लिए ऊर्जा खपत मानकों का अनुपालन;

(ख) स्वत: धारा स्थिरक एलईडी लैम्प के केवल ऐसा मॉडल पर लेबल लगाया जाए जिसके लिए अनुज्ञा प्रदान की गई है;

(ग) स्वत: धारा स्थिरक एलईडी लैम्प पर अनुज्ञापित व्यक्ति के खर्च पर लेबल लगाया जाए;

(घ) यह सुनिश्चित किया जाए कि स्वत: धारा स्थिरक एलईडी लैम्प के लेबल पर प्रदर्शित स्टार स्तर हर समय बना रहेगा;

(ङ) विनियम 9 में यथाविनिर्दिष्ट लेबल शुल्क का भुगतान करेगा;

(च) ब्यूरो को विवरण मुहैया कराएगा जिसमें लेबल लगे उपकरणों को बनाने का ब्यौरा और वित्तीय वर्ष की प्रत्येक तिमाही के अंत में आने वाले माह के भीतर प्रत्येक तिमाही के लिए देय प्रोद्भूत लेबलिंग शुल्क का विवरण हो;

(छ) ब्यूरो के पास प्रत्येक वर्ष 30 अप्रैल तक उनके लेबल युक्त उत्पादों की बिक्री के लिए नियुक्त अधिकृत वितरकों, व्यवहारी, खुदरा व्यापारियों, विक्रेताओं की अद्यतन सूची प्रस्तुत की जाए;

(ज) ऐसे अन्य नियमों एवं शर्तों का पालन करेंगे जो ब्यूरो द्वारा मानक और लेबलिंग के संबंध में ब्यूरो की प्रचालन नियम पुस्तिका में निहित नियमों एवं शर्तों सहित विनिर्दिष्ट किए गए हों;

9. लेबल शुल्क : - (1) प्रत्येक अनुज्ञापित व्यक्ति, ब्यूरो को स्वत: धारा स्थिरक एलईडी लैम्प पर प्रत्येक चिपकाए गए लेबल के लिए पांच पैसे लेबल शुल्क का भुगतान करेगा।

(2) उप-विनियम (1) के अधीन विनिर्दिष्ट लेबल शुल्क, प्रत्येक वित्तीय वर्ष की अंतिम तारीख से एक माह के भीतर वार्षिक तौर पर किया जाएगा;

परन्तु यह कि यथाविनिर्दिष्ट अवधि के भीतर लेबल फीस का भुगतान न करने पर, ब्यूरो विनियम 6 के उप-विनियम (3) के खण्ड (ख) के अधीन लेबल प्रतिभूति निक्षेप संदत्त से इस पर प्रति वर्ष दस प्रतिशत की दर से इस पर ब्याज सहित बकाया रकम वसुल कर सकता है और यदि इसे जमा किए जाने की अंतिम तारीख से एक वर्ष के भीतर पूरा लेबलिंग शुल्क वसूल नहीं किया जाता तो ब्यूरो अनुज्ञापित व्यक्ति को प्रदत्त अनुज्ञा रद्द कर सकता है और अनुज्ञापित व्यक्ति का नाम चूककर्ता के रूप में यथा समाचार पत्र में और इलेक्ट्रानिक साधन में प्रकाशित कर सकता है।

10. लेबल प्रतिभूति निक्षेप का प्रतिदाय -: विनियम 9 के उप-विनियम (2) के उपबंधों के अध्यधीन, अनुज्ञापित व्यक्ति स्वत: धारा स्थिरक एलईडी लैम्प का विनिर्माण बंद करने पर लेबल प्रतिभूति निक्षेप के प्रतिदाय का हकदार होगा।

11. ब्यूरो द्वारा सत्यापन :- (1) ब्यूरो या इसकी नामनिर्दिष्ट एजेंसी या तो इसे शिकायत प्राप्त होने पर या स्वत: संज्ञान से यह सुनिश्चित करने के लिए सत्यापन करेगा कि स्वत: धारा स्थिरक एलईडी लैम्प इसके लेबल पर प्रदर्शित स्टार स्तर और अन्य विवरण के अनुरूप है और यह अनुज्ञा के अन्य निबंधन और शर्तों के अनुपालन में है।

(2) सत्यापन के प्रयोजन के लिए ब्यूरो या इसकी नामनिर्दिष्ट एजेंसी विनिर्माता सुविधा से जैसे यह उचित समझे, भण्डारगृह या फुटकर विक्रय केंद्र से यादृच्छिक तौर पर नमूने एकत्र करेगा;

(3) जहां उप- विनियम (1) के अधीन शिकायत प्राप्त होने पर, ब्यूरो द्वारा जांच और अंशांकन प्रयोगशालाओं हेतु राष्ट्रीय परीक्षण प्रत्यायन बोर्ड द्वारा विधिवत प्रत्यायित स्वतंत्र प्रयोगशाला में स्वत: धारा स्थिरक एलईडी लैम्प की जांच को चुनौती देकर सत्यापन करना अपेक्षित है,

(क) ब्यूरो द्वारा अनुज्ञापित व्यक्ति को उक्त परीक्षण करने के लिए सूचना जारी की जाएगी और शिकायतकर्ता को ब्यूरो के पास उक्त समय के भीतर, जिसे ब्यूरो द्वारा निर्धारित किया जाए, परीक्षण, परिवहन और अन्य अनुषंगी व्ययों से संबंधित उक्त व्यय जमा करने के लिए कहा जाएगा;

(ख) यदि चुनौती के अधीन लिए गए नमूने विफल रहते हैं तो अनुज्ञापित व्यक्ति ब्यूरो को नमूने की लागत, नमूने के परिवहन और परीक्षण प्रभार के सभी व्ययों की प्रतिपूर्ति करेगा और ब्यूरो उक्त व्यय का प्रतिदाय शिकायतकर्ता को करेगा; और

(ग) जहां उपकरण चुनौती परीक्षण पर खरे उतरते है तब शिकायतकर्ता द्वारा जमा किए गए उक्त व्यय समपहृत कर लिए जाएंगे।

IndiaCode

(4) जहां, उप-विनियम (1) के अधीन शिकायत प्राप्त होती है, यदि अनुज्ञापित व्यक्ति उक्त समय के अंदर उप विनियम (3) में संदर्भित उक्त व्यय जमा करने में विफल रहता है तो ब्यूरो द्वारा –

(i) उप-विनियम (3) में संदर्भित स्वत: धारा स्थिरक एलईडी लैम्प के चुनौती परीक्षण द्वारा सत्यापन जारी रखा जाएगा; और

(ii) विनियम 6 के अधीन प्राप्त आवेदन की कार्रवाई उक्त व्यय के जमा होने तक स्थगित रखी जाएगी।

(5) जहां परीक्षण के लिए स्वत: धारा स्थिरक एलईडी लैम्प के नमूने परीक्षण अथवा स्वयं संज्ञान परीक्षण के दौरान या चुनौती परीक्षण में विफल रहते हैं, अनुज्ञापित व्यक्ति को एक अन्य अवसर दिया जाएगा और ब्यूरो, अनुज्ञापित व्यक्ति की लागत पर राष्ट्रीय परीक्षण और अंशांकन प्रयोगशाला बोर्ड द्वारा विधिवत प्रत्यायित स्वतंत्र प्रयोगशाला में प्रथम जांच में प्रयुक्त स्वत: धारा स्थिरक एलईडी लैम्प के दुगने परिमाण में दूसरा परीक्षण करेगा।

(6) जहां, दूसरा परीक्षण विफल होता है, ब्यूरो,-

(क) अनुज्ञापित व्यक्ति प्ररूप VII, में सभी राज्य नामनिर्दिष्ट एजेंसियों को निदेश देगा कि अनुज्ञापित व्यक्ति दो माह की अवधि के अंदर, -

(i) स्वत: धारा स्थिरक एलईडी लैम्प के रैपर पर लगाए गए लेबल में सही स्टार स्तर प्रदर्शित करेगा अथवा परीक्षण के दौरान त्रुटियों और कमियों को दूर करेगा;

(ii) ब्यूरो के दिशा- निर्देशों के अनुपालन में बाजार से सभी स्टॉक को वापस लेगा; और

(iii) विज्ञापित सामग्री पर प्रदर्शित विवरण में परिवर्तन करेगा।

(ख) दो माह के अंदर अनुज्ञापित व्यक्ति का नाम, ब्राण्ड का नाम, मॉडल का नाम या मॉडल संख्या, प्रतीक चिह्न और अन्य विशिष्टियां किसी राष्ट्रीय या क्षेत्रीय दैनिक समाचार पत्र और किसी इलेक्ट्रॉनिक साधन या अन्य किसी रूप में इसका प्रकाशन करेगा, जो उचित पाया जाए;

(ग) संबंधित राज्य नामनिर्दिष्ट एजेंसी को अधिनियम की धारा 27 के अधीन अनुज्ञापित व्यक्ति और व्यापारी के खिलाफ न्यायिक कार्रवाई करने के लिए सूचित करेगा।

(7) अनुज्ञापित व्यक्ति उप-विनियम (6) में संदर्भित दो माह की अवधि समाप्त होने के दस दिनों के भीतर, करेगा -

(क) ब्यूरो को दिशा-निर्देश के अनुपालन में की गई कार्रवाई के संबंध में प्ररूप VIII में अनुपालन रिपोर्ट भेजेगा; और

(ख) यदि खण्ड (क) में संदर्भित अनुपालन रिपोर्ट प्राप्त नहीं होती है या विनिर्दिष्ट अवधि के भीतर किसी निदेश के अनुपालन के बिना प्राप्त होती है तो इसे इस प्रभाव के लिए दिए गए आदेश और जारी निदेश का अनुपालन नहीं होना माना जाएगा जिसे ब्यूरो द्वारा दिया गया है।

(8) ब्यूरो अधिनियम की धारा 17 के अधीन कार्रवाई करने के प्रयोजनार्थ सभी राज्य नामनिर्दिष्ट अभिकरणों को उप-विनियम (7) के खण्ड (क) में संदर्भित अनुपालन रिपोर्ट और खण्ड (ख) में जारी आदेशों की प्रति आवश्यक दस्तावेजों द्वारा भेजेगा और उक्त उप विनियम के खण्ड(ख) के अधीन जारी आदेशों का प्रवर्तन करेगा।

(9) जहां अनुज्ञापित व्यक्ति, ब्यूरो द्वारा उप-विनियम (6) के अधीन जारी किए गए दिशा-निर्देशों का अनुपालन करने में विफल रहता है, वहां ब्यूरो सभी राज्य नामनिर्दिष्ट एजेंसियों को सूचना देते हुए, -

(क) विनियम 7 के उप-विनियम (1) के अधीन अनुज्ञापित व्यक्ति को प्रदत्त अनुमति वापस ले लेगा;

(ख) अधिनियम की धारा 14 के खण्ड (क) के अधीन केन्द्रीय सरकार द्वारा अधिसूचित ऊर्जा खपत मानकों की पुष्टि करने के लिए अनुज्ञापित व्यक्ति द्वारा असफलता के समर्थन में परीक्षण रिपोर्ट सहित केन्द्रीय सरकार को रिपोर्ट भेजेगा, उपविनियम 7 के खण्ड (क) में निर्दिष्ट ब्यूरो के निर्देशों को विचार करने और केन्द्रीय सरकार द्वारा अधिनियम की धारा 14 खण्ड (ग) के अधीन उन पर कार्यवाही करने के लिए भेजना।

(ग) अनुज्ञापित व्यक्ति का नाम, ब्राण्ड का नाम, मॉडल का नाम या मॉडल संख्या, प्रतीक चिह्न और अन्य विशिष्टियां किसी राष्ट्रीय या क्षेत्रीय दैनिक समाचार पत्र और किसी इलेक्ट्रॉनिक साधन या अन्य किसी रूप में दो माह के अंदर इसका प्रकाशन करेगा, जो उचित पाया जाए;

(घ) संबंधित राज्य नामनिर्दिष्ट एजेंसी को अधिनियम की धारा 27 के अधीन अनुज्ञापित व्यक्ति और व्यापारी के खिलाफ न्यायिक कार्रवाई करने के लिए सूचित करेगा।

IndiaCode

12. अनुमति रद्द करना - ब्यूरो विनियम 7 के अधीन प्रदत्त अनुमति को रद्द कर सकता है, यदि अनुज्ञापित व्यक्ति-

(क) विनियम 7 के उप-विनियम (3) के प्रावधान में विनिर्दिष्ट परीक्षण रिपोर्ट जमा करने में विफल रहता है:

परन्तु यह कि यदि अनुज्ञापित व्यक्ति जमा की गई परीक्षण रिपोर्ट का पालन करने में विफल रहता है, विनियम 11 के उप-विनियम (9) के अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

(क) विनियम 8 के अधीन विनिर्दिष्ट किसी निबंधन और शर्त का पालन नहीं करता;

(ख) विनियम 9 के अधीन विनिर्दिष्ट अवधि के भीतर लेबल शुल्क का भुगतान नहीं करता;

